CMYK

दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### उड़न् दस्ता दल सारंगढ़ ने पकड़ी बगैर नंबर वाली गाड़ी

**लगभग 75 हजार मूल्य के कपड़े हुए बरामद**

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं उड़न दस्ता दल द्वारा चेक पोस्ट एवं नाका में सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज उडऩ् दस्ता दल सारंगढ़ द्वारा वनोपज जांच नाका दानसरा में बगैर नंबर की गाड़ी इको का निरीक्षण किया गया। बगैर नंबर के वाहन में 168 साड़ियां, 115 कपड़े, 35 नग लूंगी, 12 नग चादर एवं अन्य कपड़े लगभग 75 हजार मूल्य के बरामद हुए। वाहन का दस्तावेज एवं कपड़ों की रसीद मौके पर प्राप्त नहीं हुई। उक्त कार्रवाई के दौरान अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार उपस्थित थे। उडऩ् दस्ता दल में तहसीलदार प्रकाश साहू, अस्टिेन्ट सब इंस्पेक्टर देवनाथ साहू शामिल थे।



### सट्टा पकड़ाया

रायगढ़। थाना सिटी कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक प्रहलाद राठौर द्वारा 15 अक्टूबर की शाम मुखबिर सूचना पर मधुवन पारा रायगढ़ में सानू खान पिता स्व. कुतुबरद्दीन खान उम्र 25 वर्ष सा. मधुवन पारा रायगढ़ को सट्टा पट्टी लिखते पकड़े । आरोपी के पास से एक नग सट्टा पट्टी, नगद 4000 रू, एक पेन जप्त कर थाना कोतवाली में अप.क्र. 184/18 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवही किया गया है।

### डिग्री कॉलेज में एनएसयूआई का कब्जा एबीवीपी का हुआ सूपड़ा साफ

रायगढ़। हर वर्ष छात्रसंघ चुनाव कराए जाते हैं लेकिन पिछले दो वर्षो से लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जगह विश्वविद्यालय के द्वारा मनोनयन पद्धति के द्वारा छात्रसंघ का चुनाव होता है पिछले कई वर्षो से डिग्री कॉलेज में एबीवीपी के सदस्य वह पदाधिकारी कार्यरत थे।

लेकिन हमने पूरी परिश्रम के साथ छात्र अधिकार रैली कर कलेक्ट्रेट घेराव किया जिसमें छात्रों को रोजगार देने सम्बंधित बातों को जिला प्रसाशन के सामने रखा। छात्र हित में सदैव लड़ते हुए हमने डिग्री कॉलेज में रुकी हुई सिट को बढ़ावाया । हमारी मांगे ना पूरी होने व सरकार के मनमानी रवैये के खिलाफ हमने भूख हड़ताल की साथ-साथ मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे जी का भी पुतला दहन किया था। अंततः इस सरकार ने हमारी मांगे मानी और डिग्री कॉलेज में हमारे परिणाम स्वरुप सीटें बड़ी इसका असर है कि इस साल छात्र संघ में हमेशा काबिज़ रहने वाली एबीवीपी का खाता तक नहीं खुल पाया है। वहीं हमने अध्यक्ष सचिव समेत सह सचिव के महत्वपूर्णपदो पर एनएसयूआई पदाधिकारियों ने शपथ लेकर एनएसयूआई के छात्र हित वाह छात्र एकता के मुहिम को आगे बढ़ाने का वचन दिया है।

### कलेक्टर ने किया विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज सघन दौरा कर विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्र 17 सारंगढ़ के झिंकीपाली में मतदान केन्द्र 330 शासकीय प्राथमिक शाला झिंकीपाली का निरीक्षण किया जहां उन्होंने मतदान केन्द्र में कमी पाए जाने पर जनपद सीईओ बरमकेला एस.एस. पोयाम के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में प्रकाश, पेयजल, रैम्प की व्यवस्था, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र एवं शौचालय में साफ-सफाई होनी चाहिए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ के मतदान क्रमांक 325 विष्णुपाली का भी निरीक्षण किया।

# पेड़ से लटकी मिली अज्ञात युवक की लाश, पुलिस पतासाजी में जुटी





तमनार थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोढ़ी में तमनार रायगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित सत्यम इंडेंन गैस के पास स्थित तालाब (बनका डबरी) के बरगद पेड़ में एक अज्ञात व्यक्ति फांसी के फंदे में लटका मिला।

आसपास के क्षेत्र में खबर मिलने पर हजारों लोग मौके पर आ रहे हैं पर किसी के पहचान नहीं आ रहा है । तमनार थाना प्रभारी विवेक पाटले, एसआई जेपी निषाद भी मौके पर उपस्थित हैं तथा मौके पर कई ड्राइवर,आम ग्रामीण, ट्रांसपोर्टर ग्राम पंचायत गोढ़ी के ग्रामीण तथा उपसरपंच मुकेश पड़िहारी भी मौके पर पतासाजी करने पहुचे पर पता नहीं चल पाया। फांसी लगाये व्यकि के पाकिट को खोजबीन किया गया तो उसके पाकिट से प्लेटिना गाड़ी का एक चाबी मिला जिससे शिनाख्त करने के लिए घरघोड़ा ऑटो मोबाइल्स में भी पता नहीं चल पाया।

# एसईसीएल के कोयला खदानों में ओवर बर्डन का हुआ बड़ा खेल

**करोड़ो रुपए का हुआ फर्जी भुगतान, विजिलेंस टीम ने पकड़ी बड़ी गड़बड़ी**

रायगढ़। एसईसीएल की कोयला खदानों में बड़ी गड़बड़ी के किस्से तो सामने आते ही रहते हैं। कभी ग्रेड में हेराफेरी का तो कभी कमीशनखोरी का तो कभी ठेकेदार को बड़ा लाभ पहुंचाने का, लेकिन इस बार बडे अधिकारियों की देखरेख में बरौद कोयला खदान में लगभग साढ़े 3 करोड़ रुपए की बड़ी हेराफेरी सामने आयी है। जिसमें ओवर बर्डन याने कोयले खनन के समय मिट्टी हटाने के कार्य में ठेकेदार को बिना काम के ही करोड़ो रुपए का भुगतान कर दिया गया, पर खदान के भीतर ओवर बर्डन का काम हुआ ही नहीं।

एक शिकायत के आधार पर एसईसीएल की बिलासपुर से आई विजिलेंस टीम ने पांच दिन पहले अचानक छापामार कार्रवाई करते हुए इस बड़ी गड़बडी को पकड़ा है। जिसमें एसईसीएल के बड़े अधिकारी के साथ-साथ बरौद के कई अधिकारी की मिलीभगत सामने आ रही है।

# जुआ फड़ पर पुलिस की रेड

रायगढ़। थाना छाल स्टाफ द्वारा 15 अक्टूबर को ग्राम ऐडू बीच बस्ती जयस्तंभ चौक के पास जुआ फड पर रेड कार्यवाही किया गया, जिसमें आरोपियान 1. राजेश निराला पिता मोहन निराला उम्र 28 वर्ष 2. पंकज पटेल पिता खेमचंद पटेल उम्र 20 वर्ष 3. मिनकेतन राठिया पिता जीवनलाल उम्र 19 वर्ष 4. अशोक राठिया पिता केशव राठिया उम्र 37 वर्ष सभी साकिनान ऐडू थाना छाल जुआ खेलते पकड़े गये, जिनके कब्जे से 52 पत्ती तास, जुमला रकम 1240/ रूपये एवं एक बोरी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 182/18 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

वहीं थाना छाल स्टाफ द्वारा जुआ एक्ट की दूसरी कार्यवाही ग्राम बरभौना के सार्वजनिक स्थल देवरास ईमली पेड के नीचे जुआ खेलते व्यक्तियों को घेराबंदी कर रेड किया गया, जिसमें आरोपी 1.मिथलेश डनसेना पिता सुरेंन्द्र डनसेना उम्र 20 वर्ष 2. टेकराम कुम्हार पिता शिशुपाल कुम्हार उम्र 35 वर्ष सा. बरभौना 3. विहारी कंवर पिता चमरू कंवर उम्र 45 वर्ष सा. कोकरीचोली 4. घुरबीन धनवार पिता रतिराम धनवार उम्र 45 वर्ष सा. कोकरीचोली 5. महेंन्द्र कुमार पिता जागेश्वर राम ध्रुव उम्र 28 वर्ष सा. पोखरा थाना रजिम जिला गरियाबंद हा.मु. बरभौना थाना छाल पकड़े गये, आरोपियों के फड़ एवं पास से जुमला नगदी रकम 2760/ रूपये, 52 पत्ती तास, एक बोरी एवं एक टार्च जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 185/18 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

इसी तरह 14 अक्टूबर की रात्रि 22.30 बजे पुलिस चौकी जूटमिल स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर मिडमिडा स्कुल के पास बिजली की रौशनी में तास पत्ती से जुआ खेलते हुये अनिल कुमार साव पिता इंदर साव 294, अविनाश मेहर पिता स्व. गोवर्धन मेहर 214, अभिषेक मेहर पिता शशीभूषण मेहर 184, रंगे हाथ पकड़े। आरोपियों के फड से जुमला 3280 रूपये एवं 52 पत्ती तास, एक चटाई जप्त किया गया है।

आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 1383/18 धारा 13 (क) जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### लामीदरहा और आमापाल के बीच युवक का अपहरण कर मारपीट, पुलिस वाहन को आता देख युवक को छोड़ भागे आरोपी



रायगढ़। थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत ग्राम लामीदरहा में रहने वाले नेहरू चौहान पिता पुसउराम चौहान को दिनांक 15.10.18 के शाम आमापाल का सेतकुमार चौहान फोन कर बोला कि उसके घर में कोई बीमार है, ईलाज करने जल्दी आ जाओ। तब नेहरू चौहान आमापाल उसके घर जा रहा था, कुछ समय बाद सेतकुमार चौहान फोन कर मरीज को रायगढ़ अस्पताल ले आये हैं, वापस चले जाओ बोला। तब नेहरू चौहान वापस घर आ रहा था कि लामीदरहा और आमापाल के बीच रोड में पुलिया के पास सेतकुमार एवं उसके तीन - चार साथी नेहरू चौहान को जबरजस्ती रोककर मारपीट कर अपहरण कर घर से फोन कर रूपये मंगवाने के लिये बोले। नेहरू चौहान ने अपने घर फोन कर घटना की बात बताया । नेहरू चौहान के घरवालों ने पुलिस को इत्तला दी, जिस पर पुलिस वाहन मौके के लिये रवाना हुई, आरोपीगण पुलिस वाहन को आता देख नेहरू चौहान को वहीं छोड़कर भाग गये। रिपोर्टकर्ता जीवोलाल चौहान के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अप. क्र. 397/ 18 धारा 364 (ए), 34 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सटोरियों पर गिरी रायगढ़ क्राईम ब्रांच पुलिस की गाज

**3 लाख 21 हजार की सट्टापट्टी सहित 80 हजार 800 सौ नकदी की बरामदगी**

रायगढ़। क्राइम ब्रांच की टीम ने सटोरियों पर गाज गिराते 10 सटोरी के पास से 80 हजार 800 रुपये सहित तीन लाख 31 हजार 200 की सट्टा पट्टी भी जप्त की है। शहर के अलग अलग इलाको में सट्टे के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने निर्देश दिए थे।



आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे छत्तीसगढ़ में आचार संहिता की धारा लागू हो गई है जिसके बाद से ही जिला प्रशासन व जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार शराब की अवैध तस्करी करने वालों पर व सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही हैं । इसी कड़ी में आज रायगढ़ क्राईम ब्रांच प्रभारी एस.एन.सिंह के नेतृत्व पर पुलिस टीम ने सटोरियों को अपने निशाने पर लिया।

क्राईम ब्रांच द्वारा की गई इस कार्यवाही में पकड़े गये 10 सटोरियों के पास से 3 लाख 21 हज़ार 200 की सट्टापट्टी सहित 80800 रुपये नकदी की बरामदगी की गयी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी पकड़े गये सटोरिये के तार शहर के कुख्यात सट्टा खाईवाल कंगालू व शानू से जुड़े हुये हैं जो कि लम्बे अर्से से सट्टे के कारोबार में लिप्त हैं।




## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931